अरावली पहाड़ियों के लिए व्यापक योजना

2003. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने जापान के सहयोग से अरावली पहाड़ियों को हरा-भरा बनाने की एक व्यापक योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना का कार्यान्वयन कब तक शुरू किए जाने की संभावना है और इस संपूर्ण योजना पर कितनी वार्षिक लागत और कुल कितना अनुमानित खर्च आने की सम्भावना है; और

(घ) क्या सरकार इस योजना को देश के अन्य भागों में भी लागू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) से (ग) जापान सरकार (ओ०ई०सी०एफ०) राजस्थान में अरावली पहाड़ियों की वनीकरण परियोजना हेतु सहायता देने के लिए सहमत हो गई है। 166.85 करोड़ रु० की लागत वाली यह परियोजना राजस्थान के दस जिलों में वर्ष 1992-93 से 1996-97 तक कार्यान्वित की जाएगी। परियोजना के अन्तर्गत चलाए जाने वाले कार्यकलापों में वनीकरण, अवक्रमित वनों का पुनर्वनीकरण, मृदा संरक्षण, सिल्वी चारागाह, फार्म वानिकी, वन्यजीव आवास सुधार आदि शामिल हैं। परियोजना की वर्षवार स्थिति निम्नप्रकार है:—

वर्ष	रुपये (करोड़ में)
1992-93	14.66
1993-94	28.49
1994-95	39.46
1995-96	48.90
1996-97	35.34

(घ) ओ०ई०सी०एफ० द्वारा सहायता प्राप्त अरावली पहाड़ियों की परियोजना राजस्थान तक ही सीमित है।

Cyanide Mud Residue from the Kolar Gold Mines

2004. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the cyanide mud residue from the Kolar gold mines is dangerously polluting drinking water and crops around the Kolar gold fields; and

(b) if so, what measures Government have taken to check the pollution?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT & FORESTS (SHRI KAMAL NATH) : (a) and (b)' Karnataka State Pollution Control Board have informed that about 1162 acres of land around Kolar Gold Field is affected due to tailing dumps of Bharat Gold Mines Limited. Chemical analysis of drinking water samples in the area has not indicated any contamination due to Cyanide. There is no report of any damage to nearby crops.

World Bank Assistance for development of Forests and National Parks in Andhra Pradesh

2005. DR. NARREDDY THULASI REDDY:
DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY:

Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether Government have received a project report from the Government of Andhra Pradesh for getting World Bank assistance for the development and protection of forest/Social forestry and setting up of National Parks in Andhra Pradesh; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH) : (a) Yes, Sir.

(b) A project proposal has been received from the State Government of Andhra Pradesh for obtaining World Bank assistance for development of the forestry sector. The total cost of the project is Rs. 334.59 crores and is proposed to be implemented over a period of five years, the project activities include regeneration of degraded forests, social forestry, forest protection, development of protected areas, research, training and communication etc. The project proposal is to be appraised by the World Bank.

लम्बित ताप विद्युत परियोजनाएं

2006. **डा० बापू कालदाते :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न राज्यों से प्राप्त ताप विद्युत परि-